बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-479
16/09/2023

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट' के तहत कराये जा रहे कार्यों का लिया जायजा

**पटना, 16 सितम्बर 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर के गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। सीढ़ी घाट पर जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीढ़ी घाट तक श्रद्धालुओं का आवागमन सुगमतापूर्वक हो सके, इसको ध्यान में रखते हुए कार्य कराएं। गंगा नदी की मुख्य धारा तक लोग आसानी से पहुंच सकें, इसके लिए पथ का निर्माण कराएं। बचपन में प्रत्येक रविवार को हम यहां नहाने आते थे। उस समय सीढ़ी घाट से गंगा नदी की मुख्य धारा तक पहुंचने के लिए रास्ता हुआ करता था। बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचकर छठ पूजा करते थे। पहले यहां पुल से होकर गंगा नदी की मुख्य धारा तक लोग आसानी से चले जाते थे।

मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की। पंडित शीलभद्र याजी मेमोरियल पहुंचकर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व0 बालकेश्वरी याजी के स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ए0डी0जी0 श्री संजय कुमार सिंह, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री कार्तिकेय धनजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******